आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार (छत्तीसगढ़ी)
1810 सोमवार 24.02.2025

प्रमुख समाचार –

1– राज्यपाल के अभिभाषण के संग छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र आज ले होइस सुरू – राज्यपाल ह पाछू एक बछर के राज्य सरकार के उपलब्धि ल बतइन।

2– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ह आज बिहार के भागलपुर ले प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के उन्नीसवां किस्त ल जारी करीन।

3– जशपुर पुलिस ह तस्करी करके ले जात करीबन डेढ़ करोड़ रूपिया के सराब ल जब्त करे हे।

विधानसभा सत्र

छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र ह आज ले सुरू होगे हे। ए सत्र के सुरूआत राज्यपाल के अभिभाषण ले होइस।

अपन अभिभाषण म राज्यपाल रमेन डेका ह राज्य सरकार के पाछू एक बछर के उपलब्धि ल बतइन। राज्यपाल ह किहीन कि नगरीय निकाय म निर्वाचन के बाद अब प्रदेस ल ट्रीपल इंजन के सरकार मिल गेहे। एखर ले केंद्र, राज्य अउ स्थानीय निकाय म अच्छा समन्वय होय ले बढ़िया परिणाम देखे बर मिलही अउ विकास घलोक तेजी ले होही।

राज्यपाल ह किहीन कि छत्तीसगढ़ म एक ठिन अइसन इको सिस्टम तियार होय हे, जिहां जवान लइका मन के प्रतिभा ल सम्मान मिलत हे। राज्य सरकार ह को–वर्किंग सेंटर बनाय हे, जिहां स्टार्टअप करइया युवा मन ल फर्निस्ड ऑफिस अउ तकनीकी सुविधा दे जात हे।

राज्यपाल ह किहीन कि सरकार ह रईपुर–भिलाई समेत तीर–तखार के जघा ल स्टेट कैपिटल के रीजन के रूप म विकसित करके इंहा विश्व स्तरीय आईटी सेक्टर विकसित करत हे। नवा रईपुर अटल नगर म लाइवलीहुड सेंटर ऑफ एक्सीलेंस अउ दुरूग जिला म सेंटर ऑफ एंटरप्रेन्योरशिप स्थापित करे के दिसा म काम करत हे। संगेसंग स्टार्टअप ल प्रोत्साहित करे बर इन्क्यूबेशन सेंटर स्थापित करे जात हे। बीपीओ अउ केपीओ कंपनी ल आकर्षित करे खातिर आईटी पार्क बनाय जात हे। नवा रईपुर म आईटी आधारित रोजगार सीजन बर प्लग एंड प्ले माडल के विकास होवत हे।

राज्यपाल ह किहीन कि सरकार ह प्रदेस म नक्सलवाद ल जड़ ले खतम करे बर कतकोन काम करे हे। केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह के मार्गदर्सन म देस ल इकतीस मार्च दू हजार छब्बीस तक नक्सल हिंसा ले मुक्त करे के लक्ष्य राखे गेहे। ए लक्ष्य ल प्राप्त करे बर प्रभावी रणनीति बनाय गेहे अउ एखर अनुसार सरलग कार्रवाई घलो करे जात हे। नक्सलवाद छत्तीसगढ़ म अब आखिरी सांस लेवत हे।

राज्यपाल ह किहीन हे कि नक्सल हिंसा ले प्रभावित छब्बीस ठिन गांव म एसो पहिली घांव झंडा फहराय गीस। संगेसंग त्रिस्तरीय पंचायत चुनई म सुकमा जिला के पेंटा–चिमली, केरलापेंदा, दुलेड़, सुन्नमगुडा अउ पूवर्ती जइसे गांव म पहिली घांव वोट डारे गीस।

बजट सत्र के पहिली दिन आज सदन म वित्तमंत्री ओपी चौधरी ह वित्तीय बछर दू हजार चौबीस–पच्चीस बर तीसर अनुपूरक अनुदान पेस करीन। एखर उपर काली सदन म चर्चा करे जाही।

इक्कीस मार्च तक चलइया ए बजट सत्र म कुल सत्रह ठिन बइठक होही अउ अवइया वित्तीय बछर बर बजट ल तीन मार्च के प्रस्तुत करे जाही।

## प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ह आज बिहार के भागलपुर ले प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के उन्नीसवां किस्त ल जारी करीन। ए योजना के नौ करोड़ अस्सी लाख लाभार्थी किसान मनके बैंक खाता म सीधा बाईस हजार सात सौ करोड़ रूपिया ले जादा के सहायता रासि दे गेहे। ए कारीकरम ह प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के छठवां वर्षगांठ के मउका म आयोजित करे गे रिहीस।

ए कारीकरम ल संबोधित करत हुए प्रधानमंत्री ह किहीन कि पाछू एक बछर म केंद्र के एनडीए सरकार ह किसान मनके हर समस्या के समाधान बर पूरा ताकत के संग काम करे हे।

ऐति, ए मउका म छत्तीसगढ़ म घलो कतकोन जघा म कारीकरम होइस। किसान मन ह ऑनलाइन माध्यम ले प्रधानमंत्री के भाषण ल सुनिन। दुरूग जिला के अंजोरा के कृषि विज्ञान केंद्र म घलो ए मउका म होय कारीकरम म बड़का संख्या म जिला के किसान मन रिहीन।

जानबा के अनुसार प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के चलत भारत सरकार ह देस के सबो किसान मन ल हर बछर छै हजार रूपिया के आर्थिक सहायता देथे। ए रासि ल तीन किस्त म दे जाथे।

## पंचायत चुनाव–तीसरा चरण

त्रिस्तरीय पंचायत चुनई के तीसर चरण के चलत काली राज्य म इकयासी प्रतिसत ले जादा मतदान दरज करे गीस। काली तीसर चरण म पचास ठिन विकासखंड म वोट डाले गीस। तीसर चरण म पंच पद बर तीस हजार नौ सौ नब्बे, सरपंच बर तीन हजार आठ सौ दू पद, जनपद सदस्य बर एक हजार एक सौ बाईस पद अउ जिला पंचायत सदस्य मनके एक सौ पैंतालीस पद बर मतदान होइस।

काली होय मतदान म पंच पद बर छिहत्तर हजार एक सौ निन्यानवे, सरपंच पद बर सत्रह हजार एक सौ इंक्यानवे, जनपद सदस्य बर चार हजार छै सौ उनसठ अउ जिला पंचायत सदस्य बर आठ सौ उनचालीस उम्मीदवार मनके किसमत के फइसला होइस।

## उच्च न्यायालय–आर्य समाज

आर्य समाज के नांव म अवैध रूप ले बिहाव करावत कथित कतकोन संस्था ल छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ह नोटिस देहे। एखर संगेसंग ए मामला म राज्यशासन अउ रजिस्टार फर्म सोसाइटी ल घलो नोटिस जारी करके जवाब देबर केहे हे।

आज छत्तीसगढ़ प्रांतीय आर्य प्रतिनिधि सभा के याचिका म उच्च न्यायालय म सुनवाई होइस। याचिका म प्रवेस के अइसे बाईस ठिन संस्था ल पक्षकार बनाय गेहे, जेमा ले रईपुर के दस, दुरूग के पांच अउ बिलासपुर म तीन ठिन संस्था सामिल हे। आरोप हे कि ए संस्था ह बिना कोनो मान्यता अउ बिना कोनो संबध्दता के ही कतकोन अनुष्ठान अउ बिहाव करावत हे। ए याचिका म ए घलो केहे गे हे कि आर्य समाज के नांव ल लेके ए संस्था मन ह अवैध रूप ले पइसा कमावत हे।

## जशपुर–शराब जब्त

जशपुर पुलिस ह तस्करी करके ले जात करीबन डेढ़ करोड़ रूपिया के सराब ल जब्त करे हे। जिला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह ह बतइन कि पुलिस ऑपरेसन आघात के चलत मादक पदार्थ के खिलाफ एक ठिन अभियान चलावत हे। ओमन ह बतइन कि पुलिस ल

सूचना मिले रिहीस कि एक ठिन ट्रक ले अवैध सराब ल पंजाब ले झारखंड–बिहार कोति ले जाय जात हे। एखर बाद दुलदुला थाना क्षेत्र के अंतर्गत लोरोघाट करा ट्रक ल रोक के ओखर तलासी ले गीस। जेमा पुलिस ह सराब के करीबन आठ सौ डब्बा ल जब्त करे हे, जेमा लगभग सात हजार लीटर सराब पाय गीस।

माओवादी–आत्मसमर्पण

नारायणपुर जिला म आज इनामी माओवादी दंपत्ति ह आत्मसमर्पण करे हे। ए दूनों ह बीएसएफ के उप महानिरीक्षक हरिन्दर पाल सिंह सोही अउ जिला के पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के आगू आत्मसमर्पण करीन। ए माओवादी मन ह भैरमदेव एरिया कमेटी के सक्रिय सदस्य रिहीन अउ इखर उपर पांच–पांच लाख रूपिया के इनाम घलो रिहीस। ए दूनों माओवादी उपर कतकोन घटना म सामिल रहे के आरोप हे। आत्मसमर्पण करइया ए दूनों माओवादी मन ल राज्य सरकार के पुर्नवास नीति के चलत पच्चीस हजार रूपिया के प्रोत्साहन रासि दे गेहे।

गोल्फ चैंपियनशिप

छत्तीसगढ़ ओपन गोल्फ चैंपियनशिप आज ले नवा रईपुर म सुरू हो गेहे। अट्ठाईस फरवरी तक चलइया ए प्रतियोगिता के आयोजन प्रोफेसनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल अउ एस.ई.सी.एल. डहार ले संयुक्त रूप ले करे जावत हे। ए प्रतियोगिता म बारह देस के एक सौ छब्बीस खिलाड़ी मन सामिल होवत हे। विजेता मन ल एक करोड़ रूपिया के इनाम दे जाही।

संक्षिप्त समाचार

– नगर निगम मन म सभापति अउ नगर पालिका अउ नगर पंचायत मन म उपाध्यक्ष के निर्वाचन बर भाजपा डहार ले नियुक्त पर्यवेक्षक मन ल मार्गदर्सन दे बर आज रईपुर स्थित प्रदेस भाजपा कार्यालय म बइठका चलत हे। ए बइठका म मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, पार्टी के प्रदेस अध्यक्ष किरण सिंह देव अउ संगठन महामंत्री पवन साय समेत कतकोन वरिष्ठ नेता मन सामिल होवत हे।

– नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के सेति रेलवे ह टाटा बिलासपुर एक्सप्रेस अउ इतवारी टाटानगर एक्सप्रेस ल पच्चीस ले सत्ताईस फरवरी के बीच रद्द कर दे हे।

****************************************